Title : Regarding need to provide stoppage of all the trains at Karmali Railway Station, Goa.

(vi) **Need to provide stoppage of all the trains at Karmali railway station, Goa.**

श्री श्रीपाद येसो नाईक (पणजी) : अध्यक्ष महोदय, गोवा पर्यटन की दृष्टि से एक बहुत ही महत्वपूर्ण राज्य है और यहां पर प्रतिवर्ष लाखों की संख्या में लोग आते हैं। यहां पर राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर के समारोह भी प्रायः होते रहते हैं, जिनमें काफी बड़ी मात्रा में देश और विदेश से पर्यटक आते हैं, जिससे रेलवे को करोड़ों रूपये की आमदनी प्रतिवर्ष होती है।

कर्मली गोवा का मुख्य रेलवे स्टेशन है। कर्मली रेलवे स्टेशन से पणजी मात्र 9 कि0मी0 है तथा गोवा के जो मुख्य पर्यटक स्थल आदि हैं वो भी यहां से थोड़ी-थोड़ी दूरी पर हैं और इस रेलवे स्टेशन से वहां तक पहुंचने के लिए साधन भी उपलब्ध हैं। किंतु, कर्मली रेलवे स्टेशन पर मात्र 3-4 गाड़ियों का ठहराव होने के कारण पर्यटकों को मडगांव रेलवे स्टेशन, जहां पर प्रत्येक गाड़ी का ठहराव है, पर उतरना पड़ता है, जिससे उनको काफी परेशानी होती है। अतः यह आवश्यक है कि इस लाइन पर चलने वाली प्रत्येक यात्री गाड़ी का ठहराव कर्मली रेलवे स्टेशन पर दिया जाये।

अतः मेरा रेल मंत्री महोदय से अनुरोध है कि पर्यटकों की असुविधा को देखते हुए गोवा आने जाने वाली प्रत्येक यात्री गाड़ी का कर्मली रेलवे स्टेशन पर ठहराव दिए जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें ताकि गोवा में पर्यटन को और बढ़ावा मिले तथा रेलवे की आमदनी में भी बढ़ोत्तरी हो।